
तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 28 दिसंबर 2024

[ कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

11 प्रतिबंधित पॉलीथिन का बाजार में धड़ल्ले से उपयोग

12 सातधारा जलप्रपात में बहे बालक का 48 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं


अधिकृत विक्रेता :
श्री बजरंग इलेक्ट्रिकल्स
कम वोल्टेज में ज्यादा पानी देने वाला ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप
बस स्टैण्ड, नवापारा, मो. 98278-87946, 93400-18107
V4,V5,V6 एवं 50 फीट हेड वाला सबमर्सिबल पंप




## खबर संक्षेप

### मोहित पारख सीए बने



**धमतरी।** नगर के सर्राफा व्यापारी मुकेश पारख के सुपुत्र मोहित पारख ने चार्टर्ड एकाउंटेंट की परीक्षा पास करके सीए बने हैं। उनके इस उपलब्धि पर नगरवासी ने हर्ष व्यक्त किया है।

### शुभम दीवानी सीए बने



**धमतरी।** शहर के दिलीप दीवानी के सुपुत्र शुभम दीवानी ने सीए की परीक्षा सफलतापूर्वक पास करके सीए बन गए हैं। उनके इस उपलब्धि पर गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### 29 को दरगहन मड़ई

**धमतरी।** समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम दरगाहन में 29 दिसंबर दिन रविवार को मंड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन कार्यक्रम जय अम्बे नाच पार्टी नीचे कोहड़ा का नाचा रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष सुशील कुमार, सचिव डॉ निलेश्वर कोषाध्यक्ष जगन्नाथ सरपंच परदेशी ध्रुव,उप सरपंच लेखराम साहू आदि जुटे हैं।

### दोनर में गुरू घासीदास जयंती 29 को

**धमतरी।** 29 को ग्राम दोनर में गुरू घासी दास जयंती समस्त सतनामी समाज दोनर, बारना द्वारा सतनाम का घर घर अलख जगाने वाले संत शिरोमणि गुरु घासी दास जयंती 29 दिसंबर रविवार को मनाई जाएगी। रात्रि मे रज्जू मनचला का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में सरपंच अवेंद्र लहरे, मोहन बंजारे, द्वारका देशलहरे, सुभाष सोनवानी, राकेश कुर्रे आदि जुटे हुए हैं।

### पीपरछेड़ी (देमार) में डीजे डांस प्रतियोगिता 2 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पीपरछेड़ी (देमार) में 2 जनवरी 2025 गुरुवार को संध्या 7 बजे से डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। बोल बम कांवरिया समिति व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से यह आयोजन होगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 10001 रुपया आयोजक समिति के द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 7001 आयोजन समिति के द्वारा, तृतीय पुरस्कार 5001 रुपया परिधि देशमुख गरिमा देशमुख कुशल देशमुख देवेंद्र देशमुख के द्वारा रखा गया है। इसी प्रकार से युगल नृत्य में 5001 रुपया प्रदेश देशमुख के द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 3001 नागवंशी मोबाइल राजा नागवंशी के द्वारा 2001 रुपया योगेश्वर साहू सीआरपीएफ के द्वारा। इसी प्रकार से एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3001 रुपया हरिशंकर सिंह छत्तीसगढ़ पुलिस के द्वारा, द्वितीय पुरस्कार प्रीतम अग्रवाल के द्वारा 2001 रुपया, तृतीय पुरस्कार 1001 रुपया नरेंद्र हरदयाल के द्वारा दिया जायेगा। डीजे डांस प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क का 151 रुपया रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धमतरी विधायक ओंकार साहू, गोवर्धन देशमुख सरपंच, नीशु चंद्राकर उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, राजू चंद्राकर उपाध्यक्ष जपं धमतरी, थानसिंह साहू उपसरपंच पीपरछेड़ी, गोवर्धन साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति पीपरछेड़ी होंगे।

---

बाजार भाव में मिलने से खरीददार हुए कम

# शासकीय उद्यान रोपणी में फूल पौधों की नर्सरी हुई महंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शासकीय उद्यान रोपणी में फूल पौधों के दाम बाजार भाव के बराबर हो गए हैं। 20 रुपए में मिलने वाला बीज प्रजाति के पौधे 40 रुपए, 30 रुपए का कालम वाला पौधा 55 तथा 38 रुपए का ग्राफ्टेड पौधा 100 रुपया हो गया है। महंगे दामों के कारण लोग शासकीय उद्यानिकी के बदले बाजार से उद्यानिकी फूल पौधों की खरीदी कर रहे हैं।

बेन्द्रानवागांव स्थित शासकीय उद्यान रोपणी में कुछ माह पूर्व 20 रूपए में मिलने वाला बीज का पौधा अमरूद, देशी नींबू, काजू, कटहल, आंवला, करौंदा, बेल 40 रुपए हो गया है। इसी तरह 30 रुपए प्रतिनग मिलने वाला पौधा लीची, सिडलेस नींबू, अमरूद, शोदार पौधा, गुलहड़, बोगन बिलिया, चंपा पौधों का भाव 55 रुपए प्रतिनग हो गया है। वहीं 38 रूपए में प्रतिनग मिलने वाला ग्राफटेड आम का पौधा लंगड़ा, दशहरी, मलिका, आम्रपाली, चौसा, मौसबी, बाटलपाम आदि शोफीस पौधों की कीमत 100 रुपए हो गई है।

शासकीय उद्यान रोपणी में फूल पौधे खरीदने पहुंचे धनीराम पटेल, रामकुमार पटेल कहते है कि यहां के फूल पौधों एवं शोदार पौधों की कीमत बाजार भाव से कम रहता था। लेकिन यहां भी फूल पौधा महंगा हो गया है। बाजार भाव के बराबर दाम होने से लोग सरकारी उद्यानिकी से दूर होते जा रहे हैं। उनका कहना है कि उद्यानिकी खेती को बढ़ावा देने बाजार से कम दाम पर पौधा उपलब्ध कराना चाहिए।

### सालभर से मिष्ट चेम्बर खराब

मौसम अनुकूलित मिष्ट चेम्बर के माध्यम से बारहो माह सभी प्रकार के नर्सरी पौधों की रोपणी की सुविधा बेंद्रानवागांव उद्यानिकी में है, लेकिन इस आधुनिक सुविधा का लाभ बंद हो गया है।



उद्यानिकी के माली खेदूराम ने बताया कि करीब एक साल से मिष्ट चेम्बर बंद है। बिजली लाइन में आए दिन फाल्ट होना बड़ी समस्या है। बिजली बंद होने से वातानुकूलित मिष्ट चेम्बर इतना मास्चाराईज हो जाता है कि वहां के नर्सरी एक ही दिन में खराब हो जाती है। खराब हो गई मिष्ट चेम्बर को दुरूस्त करने की आवश्यकता है। शासकीय उद्यान रोपणी के अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा केसर ने बताया कि मिष्ट चेम्बर को बनाने विभाग को आवेदन किया गया है। इससे बारहो माह सभी प्रकार के फूल पौधों का नर्सरी तैयार होती है।

### आयुष विभाग के लिए औषधि पौधे तैयार




शासकीय उद्यान रोपणी में आयुष विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के औषधि पौधों का रोपणी कराया गया है। जिसमें घृतकुमारी, मरीज, काली हल्दी, गिलोय, काल मेघ, अश्वगंधा आदि प्रकार के औषधि पौधे हैं। इन पौधों को आयुष विभाग द्वारा तैयार करवाया गया है। जिसका उपयोग आयुष विभाग करता है।

---

## महापौर-अध्यक्ष का आरक्षण 7 जनवरी को

**धमतरी।** छग नगरीय निकाय चुनाव के महापौर और अध्यक्ष पदों के आरक्षण में फिर समय का परिवर्तन हुआ है। 27 दिसंबर को निर्धारित आरक्षण का समय बदलकर 7 जनवरी 2025 को निर्धारित की गई है। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण प्रक्रिया 3 जनवरी से 11 जनवरी के बीच होगी।

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का आरक्षण 11 जनवरी तक

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकायों में पार्षद पदों के लिए आरक्षण कर लिया गया है। नगरपालिक निगम का महापौर तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायत का अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण 27 दिसंबर को किया जाना था। अपरिहार्य कारणों से 27 दिसंबर को होने वाले आरक्षण की कार्रवाही को स्थगित कर 7 जनवरी को तिथि तय की गई है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत अध्यक्ष से लेकर पंच पद के लिए आरक्षण नहीं हुआ है। नई समय सारणी में यह प्रक्रिया 3 जनवरी से 11 जनवरी को संपन्न होगी। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच, पंच पद के लिए प्रवर्गवार आरक्षण की कार्रवाई 3 जनवरी से शुरु होगी। 8 जनवरी को अधिसूचना का प्रकाश होगा। 10 जनवरी को आरक्षण की जानकारी दी जाएगी। ज्ञात हो कि यह प्रक्रिया पहले 23 दिसंबर से शुरु होकर 30 दिसंबर तक होनी थी।

---

# सीएम का कार्यक्रम स्थगित लाखों खर्च बेकार, जनता मायूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धमतरी प्रवास शुक्रवार को अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया। ऐसा दूसरी बार हुआ है। जब प्रशासन को श्री साय के कार्यक्रम के लिए लाखों खर्च करना पड़ा जो पूरी तरह बेकार हो गया। इधर मुख्यमंत्री के आने की खुशी में जनता आश लगाकर बैठी हुई थी कि विकास कार्यो का लोकार्पण के साथ धमतरी जिले के लिए नई घोषणाएं करेंगे लेकिन उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया और वे मायूस नजर आए। इसके पूर्व 24 दिसम्बर को श्री साय धमतरी आने वाले थे। वह कार्यक्रम भी किसी कारणवश रद्द हो गया।

- नई घोषणाओं की उम्मीद पर पानी फिरा

विदित हो कि श्री साय शुक्रवार को जिल के प्रवास पर रहकर 84 करोड़ 43 लाख रूपये से अधिक के 66 विकास कार्यों की सौगात देने वाले थे। साथ ही श्री साय द्वारा 94 लाख 30 हजार रूपये की लागत से 10 कार्यों का लोकार्पण एवं 82 करोड़ 49 लाख 24 हजार रूपये के 56 कार्यों का शिलान्यास किया जाना था लेकिन देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की नई दिल्ली में निधन के बाद राज्य में 7 दिन की राजकीय शोक के कारण सभी कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। इस अवधि में समस्त शासकीय भवनों व अन्य स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज 26 दिसम्बर से 1 जनवरी 2025 तक आधे झुके रहेंगे। शोक की अवधि में शासकीय स्तर पर कोई भी मनोरंजक या सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे।

---

विभाग की छापामार कार्रवाई के बाद भी गिरोह का धंधा फल-फूल रहा

# सरकारी चावल की हेराफेरी माफिया हो रहे मालामाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गरीबों के लिए शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से दिया जाने वाले चावल की कालाबाजारी थमने का नाम नहीं ले रही है। विभाग द्वारा कार्रवाई के बाद भी माफिया करोड़ों का चावल हजम कर रहे हैं। चावल खरीदने और बेचने का तरीका बदलने से माफिया पकड़ से बाहर हैं। राशन दुकानों से चावल न उठाकर सीधे हितग्राहियों से चावल खरीदकर छोटे-छोटे वाहनों में लोड करके सीधे मिलों तक पहुंचा रहे हैं। जिसकी साफ-सफाई के बाद काफी ऊंची दरों पर मार्केट में बेचा जा रहा है। अवैध कार्य रातों रात होने की वजह से विभाग को कानोकान खबर नहीं हो रही है। इस तरह गरीबों का चावल हजम कर माफिया मालामाल हो रहे हैं।



खाद्य विभाग ने कार्रवाई कर ऐसा मामला कई दफे पकड़े हैं फिर भी माफियाओं का बोलबाला है। मुफ्त की सरकारी चावल से मोटी कमाई कर रहे हैं। ऐसा ही कार्रवाई बीते दिनों खाद्य विभाग ने की थी जिसमें लोगों की सूचना पर विभाग संबंधित राइस मिल तक पहुंचे लेकिन सबूत के अभाव में खाली हाथ लौट गए। इसके पूर्व खाद्य विभाग ने शहर एवं नजदीक के एक गांव में पीडीएस के दुकान में छापामार शैली में कार्रवाई की थी जहां पीडीएस के चावल को पड़ोसी के घर छुपाकर रखा था। विभाग ने कार्रवाई की थी।

विदित हो कि खाद्य विभाग ने शहर और गांवों के आधा दर्जन किराना एवं अनाज दुकानों में छापामार कर कई क्विंटल सरकारी चावल पकड़ा एवं जप्ती की कार्रवाई की, जिसमें चावल हेराफेरी के मामले में दुकानदार कोचिया व अन्य सरगना पर कार्रवाई हुई थी।

इस संबंध में युवक कांग्रेस ने कार्रवाई को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन भी प्रेषित किया था। आंदोलन की चेतावनी भी दी थी। युकां ने पीडीएस चावल के अवैध कारोबार से जुड़े माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। युकां ने आरोप लगाया था कि इस कार्य में कई सफेदपोश लोगों की जुड़े होने की आशंका है।

---

# महिला समूहों से 26.59 लाख रुपए की धोखाधड़ी

- आरोपियों ने कमीशन व बोनस देने का दिया था झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्रामीण महिलाओं को कृषि लोन की राशि निकालकर देने पर प्रतिशत कमीशन व प्राफिट में बोनस देने का झांसा देकर 26.59 लाख की धोखाधड़ी की गई है।

पुलिस के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम मरादेव निवासी सरला नेताम पति धन्नू उम्र 48 वर्ष गांव में किराना की दुकान चलाती है। वर्ष 2023 के अक्टूबर माह में ग्राम नारागांव जिला बालोद निवासी सरिता करियाम उसका पति चन्द्रहास करियाम व खोरबाहरा निषाद के साथ मरादेव पहुंच सरला से संपर्क कर चार-पांच महिलाओं का समूह बनाने के लिए कहते हुए आज-कल बैंक समूह को कृषि कार्य के नाम से बिना ब्याज के लोन देने की बात बताई। लोन दिलाने पर उक्त लोन की राशि को उन्हें दे देने पर 10 प्रतिशत राशि वापस कर बाकी का पैसा बड़ा बिजनेस में लगाने की बात कही। लोन के बदले 10 प्रतिशत व बिजनेस में लगाने के लिए दिए गए रकम के बदले फायदा होने पर बोनस मिलना बताया गया। उक्त लोगों के बताए अनुसार गांव के रंजिता नेताम, ओमिन मरकाम, कलेन्दी विश्वकर्मा, भगवती नेताम व सरला नेताम ने मिलकर पांच महिलाओं का समूह बनाया। समूह बनने के बाद 13 सितंबर 2023 को एक्सिस बैंक का कर्मचारी महिलाओं से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज लेकर उनका लोन पास करा दिया। पांचों महिलाओं के खाते में 1 लाख 65 हजार रूपए आ गया। उक्त राशि को चन्द्रहास करियाम मरादेव आकर ले गया। लोन राशि के बदले महिलाओं को 10 प्रतिशत कमीशन भी दिया। इसी तरह गांव की महिलाओं ने अलग-अलग समूह बनवाकर विभिन्न बैंकों से कृषि लोन कुल 4 लाख 71 हजार निकालकर आरोपियों को दे दिया। कलेन्द्री विश्वकर्मा ने 4 लाख 1 हजार, रंजिता नेताम ने 3 लाख 96 हजार, ओमिन ने 4 लाख 66 हजार, भागबती 3 लाख 10 हजार, पेमिन 2 लाख 10 हजार, राधिका 95 हजार, शिवबती 1 लाख 60 हजार, सतरूपा 1 लाख 10 हजार व बिटावन 40 हजार कुल 26 लाख 59 हजार रूपए बैंकों से लोन निकलवाकर आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी की गई। खोरबाहरा निषाद द्वारा अक्टूबर 2024 तक लोन की किस्त को जमा कराया। उसके बाद से किस्त जमा कराना बंद कर दिया। आरोपियों से संपर्क करने नारागांव पहुंचने पर पता चला कि उनके द्वारा अन्य महिलाओं को भी घर बैठे मुनाफा पाने व कमीशन का लालच देकर धोखाधड़ी की है।

पीड़ित सरला नेताम की शिकायत पर रूद्री पुलिस ने आरोपी चन्द्रहास करियाम पिता शेखूराम, सरिता करियाम पति चन्द्रहास व खोरबाहरा निषाद पिता मंगलूराम ग्राम नारागांव निवासी के खिलाफ धारा 3-5, 318-4 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

---

सामान्य सभा की बैठक में कार्यप्रणाली में उदासीनता का आरोप लगाकर किया विरोध प्रदर्शन

# पार्षद ने सीएमओ, इंजीनियर और ठेकेदार को भेंट किया बेशरम का फूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कल नगर पंचायत कुरूद में परिषद की सामान्य सभा की बैठक आयोजित किया गया था जिसमें पार्षद देवव्रत साहू ने अधिकारियों और मरम्मत ठेकेदार की कार्यप्रणाली और उदासीनता के विरोध में बैठक के शुरुआत के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेंद्र राज गुप्ता, इंजीनियर भोजराज सिन्हा और मरम्मत ठेकेदार के विरोध में बेशरम का फूल भेंटकर विरोध दर्ज कराया।

पार्षद साहू ने बताया कि पिछले कई महीनों से वार्ड में नालियों में कांक्रीट कवर्ड शेड और ठेकेदार के द्वारा वार्ड में मरम्मत का कार्य जानबूझ कर नहीं किया जा रहा था। पिछले कई माह से बहाने बनाकर आचार संहिता के लगने का इंतजार कर कार्य को टालने का प्रयास किया जा रहा था। छोटे नहर पुल के नीचे स्ट्रीट लाईट ट्रक की ठोकर से टूट गया था जिसे हटाकर नए स्ट्रीट लाइट लगाने की बात कही गई थी। जो कि रात में छोटे नहर पुल के नीचे दुर्घटना जनक क्षेत्र है जिसके लिए नए स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग पूर्व की बैठकों में पार्षद देवव्रत साहू के द्वारा कई बार किया गया था लेकिन अधिकारियों के द्वारा जनहित के कार्यो को जानबूझ नजर अंदाज किया जा रहा था। जिसके विरोध में अधिकारियों और ठेकेदार के उदासीनता के विरोध में उन्होंने मरम्मत ठेकेदार के लिए बेसरम फूल भेंट किया गया और धरने में बैठने की बात कही। उधर इस विरोध के बाद सीएमओ और इंजीनियर ने 4 दिन के भीतर सभी कार्य पूरे करने का आश्वासन दिया।



### एक बेशरम का फूल नपं अध्यक्ष को भी देना था

वहीं नेता प्रतिपक्ष भानू चंद्राकर ने बयान जारी कर कहा कि एक बेशरम का फूल नगर अध्यक्ष को भी देना था, जिसके कार्यकाल में सत्तारूढ़ दल के पार्षद का काम नहीं हो पा रहा है। विडम्बना है छोटे भाई देवव्रत राजनीति के चलते इसे कर नहीं पाये। जिसके कार्यकाल में सिर्फ़ नशा, मुर्गा, मटन, कुरूद में आमजनों को प्रलोभन देने के लिए नये नये तरीक़ा अपनाये जाते हो उसके पास मूलभूत सेवा कार्य और विकास कार्य करने लिए समय कहाँ रहेगा।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

सांकरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक अंबिका मरकाम

# आदिवासी हल्बा समाज ने मनाया शक्ति दिवस पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा/नगरी

ग्रामीण आदिवासी हल्बा समाज सांकरा ने शहीद गैंदसिंह नायक के शहादत दिवस को शक्ति दिवस पर्व के रूप में धूमधाम से मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम विधायक सिहावा विधानसभा क्षेत्र, अध्यक्षता श्रवण सूर्यवंशी सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी सांकरा, विशेष अतिथि भूषण साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नगरी, शर्मा मैडम, सुलोचना साहू जनपद सदस्य, शशि ध्रुव सरपंच सांकरा, निर्भय सिंह नाग अध्यक्ष ग्रामीण आदिवासी हल्बा समाज सांकरा, बिसाल राम ध्रुव सर्व आदिवासी समाज जोन सांकरा,



धारणीस्वरूपा कश्यप उपाध्यक्ष गढ़ सिहावा,मंगिया राम चनाप संरक्षक सर्व आदिवासी समाज नगरी, टेमन सिंह कश्यप, गिरवर भंडारी, देवब्रत श्रीमाली के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर देवीशरण कश्यप सचिव हल्बा समाज, मोतीलाल भंडारी, चंद्रहास भंडारी, नरोत्तम, कृपाराम नाग, भागवत पुजारी, टेशूधर कश्यप, दिनेश चनाप, लोकेश्वर कश्यप, मन्नू भंडारी, जगेश्वर श्रीमाली, पवन श्रीमाली, अजय भंडारी दमन लाल भंडारी, दयाराम देव, अश्वन बिसेन, हरी भंडारी, संजय श्रीमाली, संतानू नाग, रुपचंद देव, उमेश पुजारी, संजय देव, तेजनाथ भंडारी, चुनेश्वर पूजारी सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के महिला पुरुष एवं बढ़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

## नवागांव सांकरा में शक्ति दिवस मनाया गया



**नगरी।** नवागांव सांकरा में शहीद गैंदसिंह स्मृति में शक्ति दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना के बाद शहीद श्री नायक के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर हल्बा समाज के प्रमुख महादेव पुजारी जागेश्वर पुजारी, सीताराम कश्यप, तुलसीराम कश्यप, गुपेश्वर पुजारी, मानक पुजारी, टिकेश्वर पुजारी, गुलाबचंद पुजारी, तोरण सिंह पुजारी, महिला प्रमुख नगीना सोम, कनेश्वरी पुजारी, मिनेश्वरी पुजारी, सतरुपा पुजारी और समाज के समस्त समाजिक बंधु महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

# चर्रा में 5.63 लाख से बनेगी सड़क

- गांव की उन्नति लोगों की सामुदायिक भागीदारी पर निर्भर होती है : कमलेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



ग्राम पंचायत चर्रा में बुधवार को नवीन प्राथमिक शाला से क्लस्टर भवन तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। मुख्य अतिथि कृपाराम यादव वरिष्ठ पत्रकार थे। अध्यक्षता सरपंच कमलेश्वरी ध्रुव ने की। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच ललिता यादव, अर्जन साहू ग्राम पटेल, तोरणलाल साहू, लेखराम साहू, सनंत बैस थे। अतिथियों द्वारा पूजा-पाठ कर सीसी रोड निर्माण की आधारशिला रखी गई। क्षेत्रीय विधायक की अनुशंसा के फलस्वरूप 24-25 के तहत 5.63 लाख की लागत नवीन प्राथमिक शाला से क्लस्टर भवन तक सड़क बनेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच कमलेश्वरी ध्रुव ने कहा कि सामुदायिक विकास के लिए हर क्षेत्र पर काम करना होगा। गांव की उन्नति लोगों की सामुदायिक भागीदारी पर निर्भर होती है। आप जितना मजबूत व सशक्त बनेंगे गांव उतना ही प्रगति करेगा। मौके पर सरपंच प्रतिनिधि टीकाराम ध्रुव, सचिव लीलाराम तारक, आपरेटर खिलेश साहू, रोजगार सहायक रुपेन्द्र ध्रुव, प्यून सरजू साहू, पंचगण नरेन्द्र पटेल, खिलेन्द्र साहू, शैलेन्द्र बैस, भगवती साहू, उर्वशी साहू, चनद्रिका बैस, पुष्पा साहू, देवकुमारी साहू, अनुसुइया साहू, केंवरा यादव उपस्थित थे।

# विजय दिवस समारोह में पूर्व सैनिक एवं मातृशक्तियां शामिल हुईं



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ संभाग इकाई सरगुजा के नेतृत्व में अंबिकापुर में 1971 भारत-पाक युद्ध विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शकुंतला पोर्ते विधायक विधानसभा क्षेत्र प्रतापपुर एवं अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अंकित गर्ग आईजी सरगुजा संभाग रेंज तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हवलदार खेमचंद निषाद प्रांतीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़, नायक योगेश साहू प्रांतीय सचिव, हवलदार संतोष साहू प्रांतीय कोषाध्यक्ष एवं सैन्य मातृशक्ति प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती श्यामा साहू उपस्थित हुए।

विजय दिवस समारोह में 1971 भारत-पाक युद्ध के योद्धा हवलदार डी एन दीक्षित, हवलदार नरेंद्र शुक्ला, हवलदार राम नरेश गुप्ता को मुख्य अतिथि महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही समस्त वीरगति प्राप्त करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया।

उक्त अवसर पर सरगुजा संभाग के पूर्व सैनिक एवं सैन्य मातृशक्तियों की संख्या लगभग 300 रही। इस कार्यक्रम में रायपुर एवं अभनपुर से 52 पूर्व सैनिक एवं सैन्य मातृशक्तिया सम्मिलित हुई। सूबेदार भुवन लाल साहू, सूबेदार चेतन लाल साहू, हवलदार पवन कुमार साहू, सूबेदार रोहित कुमार साहू, नायक फर्मेंद्र साहू, नायक पुरुषोत्तम प्रधान, नायक राजकुमार साहू, हवलदार हेम प्रकाश साहू, हवलदार गोवर्धन प्रसाद सोनी, नायक अरविंद जैन, नायक गोपेश्वर साहू, श्रीमती चमेली निषाद, श्रीमती विद्या साहू, श्रीमती विश्वमोहिनी साहू, श्रीमती नेहा साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्रीमती किरण साहू, श्रीमती कुसुम लता साहू, श्रीमती रीता प्रधान, श्रीमती ज्योति साहू, श्रीमती मोहिनी सोनी, श्रीमती शैल जैन, श्रीमती फुलेश्वरी साहू, श्रीमती तोशीबा रानी चंद्राकर, श्रीमती रेणुका सिन्हा एवं अन्य पूर्व सैनिक एवं मातृशक्ति विजय दिवस समारोह में सम्मिलित हुए। उक्त कार्यक्रम का प्रबंधन सर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ संभाग इकाई सरगुजा के अध्यक्ष हवलदार अनिल गुप्ता ने एवं मंच संचालन हवलदार इंडियन ने किया।

# छात्रों को दी सुशासन के आठ सिद्धांत की जानकारी

- आमदी कॉलेज में सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया सुशासन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)



शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सुशासन विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, विचारगोष्ठी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं रासेयो के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

मुख्य वक्ता प्राध्यापक डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने छग शासन की महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। सुशासन के आठ सिद्धांत सर्वसम्मति उन्मुख, जवाबदेही, भागीदारी, पारदर्शिता, कानून का पालन, उत्तरदायी, प्रभावशीलता तथा सामान्य व समावेशिता के बारे में जानकारी दी। राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी ने कहा कि सुशासन में युवाओं की भूमिका अहम है। युवाओं की भागीदारी से राज्य व देश में सुशासन को मजबूत किया जा सकता है। मौके पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल, यूथ रेडक्रास प्रभारी अंकित बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक तेजल यादव, युगेश्वर प्रसाद साहू, गोपाल देवांगन, हेमेंद साहू, रमेशकुमार, मन्नूलाल साहू, डॉ. उपमा एवं प्रयोगशाला तकनीशियन सविता गिलहरे मौजूद थे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर सांकरा नगरी में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



पेटूपे सोशल फाउंडेशन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बैठक मानस मंच सांकरा में बेटियों को सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटियों को सक्षम बनाओ अभियान के तहत आयोजित की गई। संस्था के मुख्य उद्देश्य और लाभ पेटूपे सोशल फाउंडेशन ने बैठक में अपनी योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें शामिल हैं बेटी के जन्म पर आर्थिक सहायता, बेटी की शादी में सहयोग, गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए मदद, सड़क दुर्घटना पीड़ितों को सहायता, अंग भंग जैसी आपदाओं में 1100, 2100, 3100 रुपये से बढ़ते हुए क्रम में की आर्थिक सहायता और गिफ्ट प्रदान करना।

भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था पेटूपे सोशल फाऊंडेशन की एजुकेशन मीटिंग छत्तीसगढ़ के नगरी, सांकरा मानस मंच में आयोजन किया गया। इस अवसर पर रुद्रेश्वर मरकाम, पारसमणी मिश्रा, जयलाल नेताम, कुंजलाल यादव, नारद साहू, सुदे राम नेताम, राजेश मरकाम, देवी राम निषाद, कन्हैया दास, ऋषिकेश नेताम, चन्द्रकला ध्रुव, जागृति निषाद, पुतली बाई नेताम, जितेंद साहू, दुर्गा नेताम, पूजा नेताम, कुमकुम एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जाति में शब्द त्रुटि संबंधी मामले में यादव व निषाद समाज से विशेष चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



छग शासन के पिछड़ा वर्ग आयोग को समाज प्रमुखों से प्राप्त आवेदन के परिपालन में केंद्रीय सूची में समावेशन हेतु धमतरी जिला के नगरी ब्लाक में आयोग के अध्यक्ष नेहरु निषाद व अधिकारी वीरू कुमार साहू, अनिता टेकाट पहुंचे। वनांचल सिहावा क्षेत्र में निवासरत विभिन्न जाति के लोगों का उनकी परंपरा और संस्कृति का अध्यन, अनुसंधान करने हेतु सिहावा क्षेत्र में निवास करने वाले विभिन्न समाज के समाज प्रमुखों से बातचीत कर उनकी परंपराओं संस्कृति की जानकारी ली।

नगरी वन विश्राम गृह में विभिन्न समाज प्रमुखों से बातचीत कर सभी विषयों पर चर्चा की। चर्चा के दौरान पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के पदाधिकारी आयोग अध्यक्ष से मुलाकात कर पिछड़ा वर्ग की 27 प्रतिशत आरक्षण के लिए बात रखी। तथा नगर पंचायत नगरी में ओबीसी की आरक्षण कटौती होने की जानकारी दी। सभी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में व नगर पंचायत चुनाव में ओबीसी को 50 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग रखी है।

इस अवसर पर कल्याण संघ के तहसील अध्यक्ष सखाराम साहू सहसचिव शेषनारायण साहू, वेदराम साहू, रूपेंद्र साहू पेमन स्वर्णबेर, निषाद समाज से अंजोर निषाद,यादव समाज से नंदकुमार यादव चंद्रभान यादव दिनेश यादव सहित विभिन्न समाज के समाज प्रमुख सहित पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अमलीडीह में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन

# श्रीमद् भागवत कथा वेद और उपनिषद का सार है : वासुदेव तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)





श्री राधा रानी महिला समूह एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम अमलीडीह में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन 29 दिसंबर तक किया गया है। कथावाचक वासुदेव तिवारी महाराज ग्राम अरकार बालोद हैं। वासुदेव तिवारी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा वेद और उपनिषद का सार है। श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से भगवान श्री हरि की प्राप्ति होती है। प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गई। देव स्थापना के साथ गोकर्ण कथा का रसपान किया। द्वितीय दिवस भागवत कथा प्रारंभ हुई। परीक्षित जन्म, वारह अवतार का सुंदर चित्रण किया। तृतीय दिवस भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार की कथा हुई। चतुर्थ दिवस गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार, कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। पंचम दिवस माखन चोरी की लीला ने दर्शकों का मन मोह लिया। भगवान बालकृष्ण की झांकी निकाली गई। फटाके फोड़े गये। दही लूट का कार्यक्रम हुआ। वासुदेव तिवारी ने आगे बताया कि दान करने से पुण्य बढ़ता है और अगले जन्म में इसी दान पुण्य के कारण कर्म फल की प्राप्ति होती है और जो व्यक्ति दान करने अपना हाथ खींच लेते हैं उन्हें अगला जन्म कष्ट में होता है। आगे कहा कि महिलाओं द्वारा ही पूरी सृष्टि का संचालन होता है। घर परिवार से लेकर प्रत्येक कार्य में महिलाएं सजग होकर अपना कार्य करती हैं जो समाज के लिए प्रशंसनीय है।

कथा सुनने महिला समूह की अध्यक्ष निराशा बाई यादव, उपाध्यक्ष हेमा साहू, सचिव तिलेश्वरी साहू ,सहसचिव नीतू साहू, कोषाध्यक्ष दामिनी साहू, संरक्षक प्रेमवती, केसरी, प्रीतम, निलेश्वरी, रुक्मणि, भगवती, वीणा साहू समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**भृत्य कल्याण संघ की बैठक 28 को**

डांडेसरा(धमतरी)। ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ जिला धमतरी की बैठक 28 दिसम्बर शनिवार को सुबह 11 बजे मिशन ग्राउंड धमतरी में रखी गई है। जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, उपाध्यक्ष किशोर कुमार साहू, सचिव सोमनाथ तारक एवं मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने बताया कि बैठक में नियमितीकरण के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की जायेगी।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## अंचल की खबरें

### कचना में भाजपाइयों ने वाजपेयी की जयंती मनाई



**जीजामगांव।** ग्राम कचना में भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई। उनके योगदान को नमन किया। मौके पर पुरुषोत्तम चक्रधारी सरपंच, अलख राम साहू मंडी अध्यक्ष, ठाकुरराम साहू हायर सेकेण्डरी स्कूल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष रुद्रप्रताप निषाद, हीरा सिंग साहू, जितेन्द्र जांगड़े, खिलावन साहू, शिशुपाल सेन, देवा साहू, चोवा साहू, चेतन, जगेश्वर साहू, शिव कुमार साहू, सोनसाय, लीला राम, रोहित टंडन समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा मंडल मेघा ने अटल को किया नमन




**मगरलोड।** भाजपा मंडल मेघा के कार्यकर्ताओं ने मेघा के अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। मौके पर भाजपा मंडल मेघा अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, महामंत्री संतोष सोनी साहू, केवल पंच, देवनाथ पंच, पुरुसोत्तम पटेल, वेद साहू, डोमेंद्र सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कौहाबाहरा में पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन



**नगरी।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती अटल चौक कौहाबाहरा में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिनेश्वरी नेताम जनपद अध्यक्ष नगरी, विशेष अतिथि शिवा नेताम सरपंच कौहाबाहरा, रामकुंवर मंडावी सरपंच दुगली, महेन्द्र नेताम सरपंच मुनईकेरा, दसरूराम नेताम ग्राम प्रमुख, कन्हैया लाल मरकाम ग्रामीण अध्यक्ष, जयसिंह सोरी ग्राम प्रमुख थे। जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम ने अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए देश हित में किये उनके कार्यों को याद किया। महेन्द्र नेताम एवं शिवा नेताम ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान प्रेम सिंह मरकाम, बूथ अध्यक्ष भूषण मरकाम, मोहित राम मरकाम, वीरेंद्र प्रताप, केशनी बाई, बसंती बाई, सगनीबाई, जागेश्वरी, कुमारी बाई, मोतीराम मांडवी, राम भरोसा सिंह, गोकुल मरकाम, सुखचंद मरकाम, जीवनलाल मरकाम, शुद्धिमान नेताम, सहदेव नेताम, पुरुषोत्तम नेताम उपस्थित थे।

### लुगे में सुशासन दिवस मनाया गया



**मगरलोड।** देश के पूर्व प्रधानमत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रुप में ग्राम लुगे में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपचेतन साहू जिला महामंत्री भाजपा युवामोर्चा धमतरी थे। अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष चोखेराम साहू ने की। अतिथियों ने अटल जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर मनोहर साहू, बूथ सचिव दुलेशराम साहू, डाहरुराम साहू, खोवाराम ध्रुव, द्वारिका सेन, निर्भयराम साहू, सोहन यादव, केयूरभूषण साहू, निरजंन साहू, बेलाराम साहू, नेमीचंद साहू, नूतन साहू, टिंकू विश्वकर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

### करेली बड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता को किया याद



**मगरलोड।** उपतहसील करेली बड़ी के अटल चौक में अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने श्री वाजपेयी के छायाचित्र में माल्यार्पण किया। सचिव दुष्यंत पटेल, सरपंच डोमारसिंह साहू ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी एक कुशल वक्ता और राजनेता थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता कहा जाता है। श्री पटेल ने बताया कि आयुष्मान भारत जनआरोग्य अंतर्गत आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। यह कार्ड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर जारी है। 70 से अधिक उम्र के बुजुर्ग महिला पुरुष इस योजना के तहत पात्र हैं। मौके पर दुलरवा साहू, दानेश्वर सिन्हा, मुकेश सिन्हा, लक्ष्मण साहू, तेजराम निषाद, शिवकुमार राव, बोधनराम, गजेंद्र राव, पूनमचंद साहू, प्रदीप साहू, मेश साहू, ओमप्रकाश अहिरवार, भुवन पाल, सहसचिव मुकेश साहू, भुनुराम निषाद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## अंचल की खबरें

### धूमा में अटल बिहारी को किया नमन



**सिर्री।** ग्राम पंचायत धूमा में अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जयंती मनाई गई। जिसमें उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा सिर्री मण्डल मंत्री सागर साहू ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई भारत रत्न थे। उन्होंने हमारे छत्तीसगढ़ को अलग राज्य का दर्जा दिया हर गांव तक पहुंचने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना बनाई। मौके पर सरपंच बहुर राम साहू, लुकेश साहू, धनीराम, माधोराम, सुदर्शन भुनेश्वर साहू सहित अन्यजन उपस्थित रहे।

### मेंडरका पंचायत ने मितानिनों और ग्रीन आर्मी समूह का किया सम्मान




**सिर्री।** ग्राम पंचायत मेंडरका में ग्रीन आर्मी महिला समूह एवं मितानिनों का सम्मान किया गया। स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम की ग्रीन आर्मी महिला समूह के सदस्यों को फावड़ा, टब, दस्ताना एवं मास्क प्रदान किया। साथ ही पंचायत द्वारा ग्रीन आर्मी टीम को गांव में स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। ग्राम में सेवा देने वाली मितानिनों को श्रीफल एवं साड़ी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सरपंच नेमिन सिन्हा, उपसरपंच रामकुमार मार्कण्डेय पंच रूक्मिणी सिन्हा रामेश्वरी साहू, सेवती साहू, कल्याणी बंजारे, सन्त कुमार साहू, पंचायत सचिव कृष्ण कुमार यादव, रोजगार सहायक शैलेन्द्र कुमार यादव, मनोज कुमार साहू सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

### मगरलोड में पेंशनर स्थापना दिवस मनाया गया



**धमतरी।** मगरलोड तहसील में पेंशनर स्थापना दिवस मनाया गया। डॉ. रामकृष्ण मिश्र 98 वर्ष संस्थापक पेंशनर कसडोल, त्रिभुवन लाल साहू 96 वर्ष पेंशनर बगदेही भखारा, दीनदयाल साहू 94 वर्ष पेंशनर चिंवरी कुरूद के आतिथ्य में यह कार्यक्रम हुआ। जिला एवं तहसील के अध्यक्षों सहित प्रमुख वक्ताओं ने पेंशनरों की परेशानी, शासन की उपेक्षा पर नाराजगी व्यक्त की। समारोह में तहसीलदार जगतराम देवान की 47वीं पुण्यतिथि पर चित्र सहित उल्लेखनीय योगदान, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, अंधविश्वास, सामाजिक संगठन पर आधारित पोस्टर विमोचन कर वितरण किया गया। यह जानकारी यशवंत देवांगन प्रांतीय अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन छग ने दी है।

### रतावा में सुशासन दिवस पर नागरिकों का हुआ सम्मान



**नगरी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100 वां जन्मदिवस ग्राम पंचायत रतावा के अटल चौक में मनाया गया। सर्व प्रथम अटल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। तत्पश्चात रतावा सरपंच श्रीमती गिरीजा देव ने अपने विचार के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डाला। उनके द्वारा किए गए कार्यों से सीख लेने की बात कही। इस अवसर मुख्य अतिथि खुशी राम नाग सोसायटी अध्यक्ष घठुला, अध्यक्षता गिरीजा देव सरपंच रतावा, विशेष अतिथि के रूप उमेश देव जनपद सदस्य, योगेश नेताम ग्राम पटेल, पुनित सलाम देव समिति अध्यक्ष, सुरेश नेताम पूर्व सरपंच,विशाल नेताम, पुनित मरकाम, हंसराज देव,फुलसिंग यादव, भैय्या लाल नेताम, मंगल पटेल, भानेन्दर निषाद, मनोज नाग एवं संचालक अरूण साहू सचिव ग्राम पंचायत रतावा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### निधन : प्रदीप यादव



**धमतरी।** स्थानीय बनियापारा निवासी स्व. बिसरु राम यादव के ज्येष्ठ पुत्र प्रदीप यादव का 26 दिसंबर दिन गुरुवार को शाम 4 बजे आसामयिक निधन हो गया। वे लोकेश यादव के बड़े भाई एवं लवली, लाडो, गगन के पिता थे। अंतिम यात्रा शांति घाट के लिये शुक्रवार 27 दिसम्बर को 11:30 बजे निवास स्थान बनियापारा से निकली। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर सामाजिक सहित गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अटल बिहारी कुशल प्रधानमंत्री, राजनीतिज्ञ थे

**सिर्री।** ग्राम सिर्री में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती मनाई गई। गांव के अटल चौक में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजन कर उनको नमन किया गया। झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष, घनश्याम साहू, लेखराम सिन्हा, शोभाराम पटेल अध्यक्ष पटेल समाज ने अटल बिहारी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे कुशल प्रधानमंत्री, राजनीतिज्ञ रहे जो देश के विकास में काफी उपलब्धियां हासिल की। गांवों में पक्की सड़कों से विकास का मार्ग श्री अटल बिहारी ने प्रशस्त किया। मौके पर रति बंजारे पूर्व सरपंच, सालिकराम साहू ग्राम पटेला, रेखराम साहू सचिव, धनेश बंजारे, तेजराम साहू, रामकुमार पटेल, जनक कुंभकार, अमित देवांगन, रोहित साहू, राजकुमार साहू, द्वारिका साहू, कमलेश साहू, सोनल साहू, मोहन साहू, गोकुल पटेल समेत अन्य मौजूद थे।

शराब का सेवन कर नशेड़ी पॉलीथिन, झिल्ली, कांच की बोतलें खेतों में फेंक रहे, किसान परेशान

# प्रतिबंधित पॉलीथिन का बाजार में धड़ल्ले से उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रतिबंध के बाद भी इन दिनों शहर के बाजारों में पॉलीथिन का धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। नतीजन पॉलीथिन पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। सब्जी, फल, किराना, चाय, नाश्ता, चटनी भी प्रतिबंधित प्लास्टिक में पैक होकर कचरा बन रहा है जो नालियों के चोक होने का कारण बन रहा है। नागरिकगण कोमल साहू, हीरालाल गंजीर, दीपक सेन, मुकेश सोनकर का कहना है कि जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी क्रेता, विक्रेता पॉलीथिन झिल्ली का बेखौफ उपयोग कर रहे हैं। झिल्ली ऐसा कचरा है जो अपने साथ दूसरे कचरे को समेटकर जमीन को बंजर बना रही है। इस समस्या से आसपास के किसान जूझ रहे हैं। झिल्लयों से खेत पट रहे हैं।

नहर किनारे खेतीहर किसान नान्हू राम, जोहन राम, मिलाप राम का कना है कि नहर किनारे खराब भट्टी होने के कारण इस मार्ग में एक दर्जन से अधिक चखना सेंटर हैं, जहां नशेड़ी शराब का सेवन कर पॉलीथिन, झिल्ली, प्लास्टिक, कांच की बोतलें फेंक देते हैं जिसके कारण यहां रोजाना सैकड़ों किलो कचरा खेतों में जा रहा है। इसे किसान रोज साफ करते हैं। साफ नहीं करने की दशा में मिट्टी में मिल रहे हैं जो खेती के लिए नुकसानदायक है। विदित हो कि नगर निगम द्वारा अभियान चलाकर पॉलीथिन जब्ती की कार्रवाई समय-समय पर की जाती है। इस दौरान व्यापारियों से सैकड़ों किलो झिल्ली जब्त कर जुर्माना लगाया गया। चिल्हर बाजारों में किराना, फल, सब्जी, बेकरी, होटल आदि में जब्ती की कार्रवाई की गई है फिर भी लोग नहीं चेत रहे हैं।



**यह है नियम**

जिले में सिंगल यूज पॉलीथिन पूर्वरूप से प्रतिबंध हैं। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत 40 माइक्रोन से पतला पॉलीथिन बैग प्रतिबंध हैं। क्रेता, विक्रेता कोई भी इस श्रेणी के पॉलीथिन का उपयोग नहीं कर सकता हैं। कानून का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत 5 साल तक की सजा और एक लाख का जुर्माना या फिर दोनों सजा साथ-साथ हो सकती है।

**कार्रवाई जल्दी करेंगे : कमिश्नर**



निगम कमिश्नर प्रिया गोयल ने कहा कि निगम क्षेत्र में प्रतिबंधित पॉलीथिन पर निरंतर कार्रवाई हो रही है। इसके लिए टीम गठित है जो दुकानों में जाकर छापा मार रही है। अब नई टीम गठित कर नए सिरे से कार्रवाई करेंगे। पॉलीथिन उपयोग करते पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई होगी।

## बालिका वर्ग में अर्जुनी और बालक वर्ग में किरकिरी कोंडागांव ने सीरीज पर किया कब्जा



- बरबांधा में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

बरबांधा में शीतकालीन सत्र में दस दिवसीय पंचायत स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट बालक एवं बालिका वर्ग का कार्यक्रम बी.आर.बी.इलेवन व ग्राम वासियों के सहयोग से रखा गया था। स्पर्धा में बालिका वर्ग में न्यू पापुलर क्रिकेट क्लब अर्जुनी ने क्रिकेट क्लब उमरगांव को हराकर सीरीज पर कब्जा किया। बालक वर्ग में किरकिरी की टीम ने टास जीतकर क्षेत्र रक्षण करने का फैसला लिया और आवास पारा टीम को बल्लेबाजी करने को आमंत्रित किया। आवास पारा के टीम ने सात ओवर में 75 रन बनाए जबकि किरकिरी जिला कोंडागांव ने छः ओवर में ही 76 रन बनाकर सीरीज पर कब्जा कर लिया। इस फायनल मैच के शिवलाल कोर्राम पुलिस कांकेर और रूपेन्द्र कोर्राम सीआरपीएफ जवान कांकेर अम्पायर रहे। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायन सिंह कोर्राम सरपंच बरबांधा ने अपने उद्बोधन में खेलों की महता को सर्वोपरि बताते हुए विजेता टीमों को ढेर सारी बधाई दी।

इस अवसर पर अध्यक्ष संदेश नेताम, विशेष अतिथि भंवर सिंह कोर्राम, ताराचंद कोर्राम, पीला राम कोर्राम तहसील उपाध्यक्ष गोंडवाना समाज नगरी, रमेश नेताम, मंगल मरकाम,लखमूराम मरकाम सचिव ग्राम पंचायत गढ़डोंगरी, यशोदा कोर्राम पुलिस कांकेर, देवकी मरकाम प्रधान पाठक आमगांव, टिकेश्वरी मरकाम, संग्राम कोर्राम, नंदलाल मरकाम, गोपाल कोर्राम, टिकेश नेताम, सर्वेश कुमार कोर्राम, हरी राम मरकाम, प्रहलाद नेताम आदि उपस्थित थे।

## शिल्प से परिपूर्ण और जीवित स्मृतियों का संग्रह है वास्थिका : विजय

- काव्य कृति वास्थिका, मानव की भावना, काव्य माधुरी, तोर अछरा के छंइहा मां, दो मिनट का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




जिला हिन्दी साहित्य समिति द्वारा सार्थक स्कूल में महापौर विजय देवांगन, संरक्षक एवं देश के सुप्रसिद्ध कवि सुरजीत नवदीप की अध्यक्षता, हिन्दी विभागाध्यक्ष सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय नगरी की डॉ. अम्बा शुक्ला, विश्वराज राजेश्वरी राठौर, जिला हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष डुमनलाल ध्रुव के विशिष्ट आतिथ्य में पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम हुआ। अतिथियों ने सुप्रसिद्ध कवयित्री कामिनी कौशिक की प्रकाशित कृति-वास्थिका, माधुरी मार्कण्डेय की कृति-काव्य माधुरी एवं मानव की भावना तथा डॉ. राखी कोर्राम की कृति - तोर अछरा के छईंहा मां एवं दो मिनट का विमोचन किया।

इस अवसर पर साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. माधुरी डड़सेना एवं चन्द्रहास साहू को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव ने कहा कि वास्थिका कवयित्री की महत्वपूर्ण संग्रह है जिसमें साहित्य की विविधताओं को व्यक्त की है। कवयित्री श्रीमती कौशिक ने कहा कि जो साहित्य का सम्मान करते हैं समाज उनका सम्मान करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने कहा कि आदमी इतिहास की उपज है। ऋचा से छंद और आज वैचारिक गद्य बनकर वास्थिका जैसी कृतियां सामने आई हैं। यह कामिनी कौशिक की काव्य का शिल्प विधान है। साहित्यकार स्व. त्रिभुवन पाण्डेय को याद कर नमन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री नवदीप ने पानी का महत्व बताते हुए कहा कि चलो चलें देखें, पानी ने बहते हुए पानी से पूछा-कैसे हो। पानी ने कहा तुम क्या हो, तुम बताओ, उत्तर दिया हम हवा हैं जिस दिन जाएंगे सिर्फ नाम ही रह जाएंगे। केवल उनका यश रुपी नाम रह जाएगा। डॉ. शुक्ला ने कहा कि हर साहित्य की अपनी अलग विशेषताएं होती हैं। रचनाकार जब किसी रचना का निर्माण करता है तो वह रचना को अपने बच्चे की तरह पाल-पोस कर बड़ा करता है। श्रीमती कामिनी कौशिक वास्थिका के माध्यम से अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। कार्यक्रम का संचालन आकाशगिरी गोस्वामी व आभार प्रदर्शन सचिव डॉ. भूपेन्द्र सोनी ने किया। मौके पर श्रीमती आरती कौशिक, डॉ. आस्था सिंह, अभिषेक सिंह, निधि सिंह, अभयसिंह राठौर, नम्रता राठौर, तन्नू राठौर, गोपाल शर्मा, मदनमोहन खण्डेलवाल, चन्द्रशेखर शर्मा, दीप शर्मा, नरेशचंद्र श्रोती, डॉ. रचना मिश्रा, विजय अग्रवाल, मनोज सोनी, ऊषा गुप्ता, पवन लिखी, तृप्ति लिखी, स्वतंत्रकुमार कौशल, नवीन मार्कण्डेय, रामकिशन सिन्हा, नारायणदास मार्कण्डेय समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### रंगोली में बाजारकुर्रीडीह स्कूल की छात्राएं रहीं प्रथम

**धमतरी।** राष्ट्रीय गणित दिवस का जिला स्तरीय आयोजन पीएमश्री मेहतरु राम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना में किया गया। विद्यार्थियों को गणित विषय के प्रति जागरूक करने व उसमें रुचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से समस्त प्रतियोगिताओं की थीम गणित पर ही रखी गई थी । गणित मॉडल मेकिंग कम्पिटिशन, मैथ्स एग्जीबिशन, मेंटल मैथ्स चैलेंज, क्विज, डिबेट, रंगोली, कविता , भाषण आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह के गणित के व्याख्याता डॉ आशीष नायक ने बताया कि उनकी शाला के ग्रामीण अंचल के बच्चों ने पहली बार जिला स्तर पर अपनी सहभागिता प्रदान की। उन्होंने मैथ्स एग्जीबिशन व रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। रंगोली में प्रथम स्थान कक्षा दसवीं की छात्रा साक्षी, मानवी एवं डिकेश्वरी ने प्राप्त किया। उन्होंने महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन एवं त्रिकोणमिति से संबंधित सूत्रों को अपनी रंगोली में चित्रित किया।

**आवश्यकता है**
काम करने के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है।
वेतन 10000/- से प्रारंभ
संपर्क करें
प्रकाश मिश्रा
आमातालाब, गौरव पथ रोड, हिताची एटीएम के सामने गली, धमतरी
मो. 90394-38030

## वार्ड क्र.2 में भागवत कथा जारी

भागवत कथा में शामिल हुए मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 2 पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में नागेश्वर समिति द्वारा कराए जा रहे संगीतमई श्रीमद् भागवत महापुराण कथावाचक पं. दामोदर कृष्ण महाराज द्वारा 22 से 30 तारीख तक अपनी वाणी से वार्ड के श्रोताओं को भागवत कथा सुना रहे हैं। आयोजन में नवनियुक्त भाजपा के मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा अपने कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा इस आयोजन में उनका विशेष सहयोग मिलने के कारण समिति अध्यक्ष रुक्मिणीबाई भट्ट, उपाध्यक्ष संतोष निषाद द्वारा छाबड़ा का साल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। छाबड़ा ने कहा कि संसार में भगवान कृष्ण ही सृष्टि का सृजन, पालन और संहार करते हैं। भगवान के चरणों में जितना समय बीत जाए उतना अच्छा है। इस संसार में एक-एक पल बहुत कीमती है, जो बीत गया सो बीत गया इसलिए जीवन को व्यर्थ में बर्बाद नहीं करना चाहिए। भागवत कथा को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष राकेश साहू, नूतन कुंजन, जितेंद्र भट्ट, उमेश भट्ट, रुपेश यादव, देवव्रत देवा यादव, सरजूराम सिन्हा, कमलेश निषाद, कृष्णकांत नाग, सोनू पटेल, तुलसीबाई कंचन एवं समस्त वार्डवासियों का सहयोग मिल रहा है।

## गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में स्थापना दिवस मना

**धमतरी।** गायत्री शक्तिपीठ धमतरी का स्थापना दिवस मनाया गया। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा मां गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा 24 दिसंबर 1981 को की गई थी। वरिष्ठ कार्यकर्ता राजकुमार साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया। पुरुषोत्तम निर्मलकर ने गुरुदेव के आगमन पर विवरण दिया। सहायक ट्रस्टी चेतन साहू, श्रीमती अंजना रणसिंग ने अपना अनुभव शेयर किया। नेतराम सिन्हा ने आंखों देखा हाल बताया। घनश्याम ठाकुर, जिला समन्वयक दिलीप नाग ने भी अपने विचार रखे। गायत्री शक्तिपीठ की मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्रीमती खिलेश्वरी किरण शांतिकुंज हरिद्वार में देवकन्या के रूप में रही।

उन्होंने गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य के सानिध्य में रहकर भगवती देवी शर्मा का अपने शिष्यों के प्रति प्रेम भाव का आंखों देखा हाल सुनाया। कार्यक्रम ध्यान साधना से प्रारंभ हुआ। बताया कि गायत्री मंत्र सर्वोपरि मंत्र है। इससे बड़ा और कोई मंत्र नहीं है। यह जानकारी प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ कौशल प्रसाद साहू ने दी है।

**किराए से चाहिए**
SHCOOL
धमतरी शहर में प्राइमरी स्कूल संचालन हेतु बिल्डिंग किराए से चाहिए
संपर्क-
9424119112

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

**आवेदन आमंत्रित**
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
❖ स्वयं का वाहन होना चाहिए।
❖ 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
❖ आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
❖ किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
❖ मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।
आवेदन करें
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पहंदा (बोरसी) में कबड्डी प्रतियोगिता आज

धमतरी। एक दिवसीय भव्य डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता ग्राम-पहंदा (बोरसी) धमतरी में 28 दिसंबर को रखा गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 10001 रु., द्वितीय पुरस्कार 7001 रु., तृतीय पुरस्कार 5001 रु. एवं चतुर्थ पुरस्कार 2001 रु. है। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष रवि यादव एवं सचिव विक्की ध्रुव द्वारा दिया गया है।

### अछोटी में गुरु घासीदास जयंती मड़ई 28 को

सिर्री। गुरु घासीदास जयंती के शुभ अवसर पर ग्राम अछोटी में 28 दिसंबर को समस्त ग्रामवासी के सहयोग से मड़ई मेला का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पंथी पार्टी माया लेले सतनाम लेले ग्राम बंगाली ( थुहा )का प्रस्तुति होगा रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए दूज के चंदा लोक कला मंच चिल्फी (परदेसिया) जिला मुंगेली का नाचा कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह जानकारी अर्जुन बघेल भगवान सिंह खेदुराम डहरिया ने दी है।

### रावनगुड़ा से सिवनीकला मार्ग में ओवरलोड वाहनों ने पकड़ी रफ्तार

सिर्री। ग्राम रावनगुडा से सिवनीकला मार्ग में आए दिन लगातार भारी ओवरलोड वाहनों का आवागमन बढ़ गया है। जिससे कि गांव के रास्ते खराब हो चुके हैं। रावनगुड़ा के ग्राम पटेला सुरीताराम साहू द्वारा बताया गया कि पिछले 15 दिनो से दिन और रात भारी वाहन (हाईवा) चल रहा है। जिससे सडक तो टूट ही चुका है, साथ ही साथ भारी धूल से भी ग्रामवासी परेशान हो चुके हैं। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है समस्त ग्रामीणों ने इन भारी वाहनों के चलने पर शासन प्रशासन से रोक लगाने की मांग की है।

### पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन, एक युग का अंत है : ओंकार



धमतरी। विधायक ओंकार साहू ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय डॉ.मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की आयु में निधन एक युग का अंत है। आपने भारत के आर्थिक सुधारों में अपना ऐतिहासिक योगदान दिया है। आपके नेतृत्व में भारत ने उदारीकरण, वैश्वीकरण और आर्थिक विकास की राह पकड़ी जिससे करोड़ों भारतीयों के जीवन में सकारात्मक रूप से प्रभाव देखने को मिला। उन्होंने कहा डॉ.सिंह एक कुशल अर्थशास्त्री, विद्वान और राजनेता के रूप में आपका योगदान अविस्मरणीय है। आपकी विनम्रता, ज्ञान और दूरदर्शिता ने भारतीय राजनीति को एक नया आयाम दिया। 1991 के आर्थिक संकट के समय में, तत्कालीन वित्त मंत्री के रूप में अपने देश को एक नई दिशा दी। आपके नेतृत्व में भारत ने शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, भोजन का अधिकार, भारत - अमेरिका परमाणु समझौते और आर्थिक उदारीकरण का मार्ग अपनाया, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को एक नई ऊंचाई मिली है।

अपने 13 दोस्तों के साथ सैर-सपाटे में गया था 13 साल का यश कुमार

# सातधारा जलप्रपात में बहे बालक का 48 घण्टे बाद भी कोई सुराग नहीं

**स्थानीय प्रशासन के दो जिले की एसडीआरएफ की टीम लगातार कर रही खोज निकालने की कोशिश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

धमतरी सहित आसपास के अपने 13 दोस्तों के साथ बारसूर के इंद्रावती नदी में सातधारा जलप्रपात का लुत्फ उठाने नहाते समय जलधारा में गिरे 13 साल के बालक यश कुमार का 48 घण्टे बाद भी कोई सुराग नही मिल पाया है। स्थानीय प्रशासन दो जिले के एसडीआरएफ की टीम की मदद ले लगातार ढूढने का प्रयास कर रहे हैं।

नए साल 2025 का आगाज से पहले शीतकालीन छुट्टियों की मजा लेने दक्षिण छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों में से एक बारसूर स्थित इंद्रावती नदी के सातधारा जल प्रपात में 13 साल के छात्र यश कुमार पिता नोहर सिंह साहू जोरातराई (सिलौटी) निवासी नहाते समय तेज जलधारा के बहाव में बह गया। 48 घण्टे बीत चुके है लेकिन बालक का अब तक कोई सुराग नही मिल पाया है। इधर स्थानीय प्रशासन यश कुमार को ढूढंने दंतेवाड़ा एवं जगदलपुर जिले के एसडीआरएफ की टीम की मदद लेकर लगातार सुबह से लेकर शाम तक अपनी कोशिशें जारी रखे हैं। गोताखोरों के अनुसार बड़े बोट को उस नदी में उतारा नही जा सकता लेकिन कल लोकल नाव की मदद से नदी की अच्छी तरह छानबीन करेंगे।



### चट्टानी नदी के कारण रेस्क्यू में आ रही दिक्कत

बता दें कि जिस नदी में युवक गिरा है वह नदी चट्टानी है। जगह जगह नदी के पटकनी और बहाव के बीच भाँवर (घुमाव) है। नदी की गहराई कही 90 फीट, 60 फीट, कहीं 40 फीट तक है। नदी के भीतर चट्टानों की छोटे छोटे सुरंग है। अंदेशा है कि बालक यश इसी में कहीं फंस गए होंगे जिसके कारण 48 घण्टे बाद भी उसका शरीर ऊपर नही आ पा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यहां और भी घटनाएं घट चुकी है कई लोगों की तो सप्ताहभर में पता चला है। वहीं एसडीआरएफ की टीम ने परिजनों को ढांढस बंधाया है कि आज यानी शनिवार को उसे खोजकर बाहर निकालने पूरी ताकत लगाएंगे।

### स्थानीय व प्रशासनिक मदद से रेस्क्यू जारी है

तहसीलदार सन्तोष ध्रुव व टीआई संजय कुमार उरसा ने बताया कि पानी का बहाव बीती रात हुई बारिश से बढ़ गया। गहराई भी अधिक व चट्टान युक्त होने की वजह से दिक्कतें हो रही हैं। बावजूद बालक को ढूढंने लगातार प्रयासरत है। प्रशासनिक के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों की मदद व मार्गदर्शन से हरसंभव कोशिश हो रही है। एसडीआरएफ के जवानों के अनुसार आज बालक के मिलने की उम्मीदें है।

## देवकी साहू बनी छत्तीसगढ़ स्ट्रांग गर्ल और धमतरी बना फिर छग चैंपियन




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

22 से 23 दिसंबर पेंड्रा में आयोजित नवीं राज्य स्तरीय ओपन पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में धमतरी जिले के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और बेहतर प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ में धमतरी का नाम रोशन किया है। स्पर्धा में सबसे ज्यादा धमतरी की बेटियों का दबदबा रहा।

कोच टिकेश्वर निर्मलकर से मिली जानकारी के अनुसार अच्छी साहू ने 43 किलो सब जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया और सबसे ज्यादा वजन उठाने के लिए उन्हें छत्तीसगढ़ स्ट्रांग गर्ल के खिताब से नवाजा गया। वहीं उनकी बड़ी बहन ओजल साहू 47 किलो वर्ग जूनियर में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। मुस्कान सारथी ने 74 किलो वर्ग सब जूनियर में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कविता ढीमर ने 63 किलो वर्ग जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया और छत्तीसगढ़ महिला चैंपियनशिप एक बार फिर धमतरी जिले के नाम किया। साथ ही कोच देवेंद्र यादव जो कि स्वयं राष्ट्रीय रेफरी एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी है नगर निगम स्पोर्ट्स अकादमी के कोच हैं उन्होंने 83 किलो वर्ग मास्टर में गोल्ड मेडल प्राप्त किया वही हमारे धमतरी जिले के पुलिस विभाग के खिलाड़ियों के की भी अहम भूमिका रही है जिसमें ओम प्रकाश निषाद सीनियर 83 किलो वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया, भागवत खंदेलकर 105 किलो वजन वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया, प्रमोद साहू ने 83 किलो वर्ग मास्टर में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर महापौर विजय देवांगन, क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष लक्ष्मण साहू , ग्लो साइन जिम के संचालक राकेश वैद्य, उस्ताद राजू सोनकर, योगेश साहू, क्रीड़ा अधिकारी देवेश जोशी, कोच वंदना बंजारे, रेणुका बंजारे, प्रवीण बंजारे, लोकेश पवार,वसीम, रितेश साहू, एवं धमतरी जिला के समस्त व्यायाम शिक्षक, धमतरी क्रीड़ा भारती सहित धमतरी के नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## डेलीनीड्स की दुकान में चोरी



**बस स्टैण्ड की घटना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बस स्टैण्ड में स्थित डेलीनीड्स की दुकान से अज्ञात युवक ने नगदी सहित कुछ सामानों की चोरी कर ली है। सिहावा रोड में स्थित दुकानों में हुई चोरी का मामला पुलिस अभी सुलझा नहीं पाई थी कि घटना के दो दिन बाद शहर के न्यू बस स्टैण्ड में स्थित गोस्वामी डेलीनीड्स में अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। बस स्टैण्ड में ज्ञानेन्द्र गिरी गोस्वामी का डेलीनीड्स का दुकान है। गुरूवार की देर रात्रि अज्ञात युवक दुकान में प्रवेश कर भीतर रखे गुटखा पाउच, सिगरेट सहित नगदी की चोरी कर ली। चोर को वहां पर लगे कैमरे की जानकारी थी। कैमरे से बचने चोर ने सिर ढंककर दुकान के अंदर प्रवेश किया। उसके बाद कैमरे को भी कपड़े से ढंककर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

इस दौरान युवक की कुछ फुटेज कैमरे में कैद हो गई। गोस्वामी डेलीनीड्स के संचालक ज्ञानेन्द्र गिरी ने मीडिया को बताया कि उसकी दुकान में बार-बार हो रही चोरी की घटना से वह परेशान हो गया है। पिछली बार दुकान में चार नाबालिकों ने चोरी की थी। कोतवाली प्रभारी व पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करेगा।

## उसलापुर में गुरु घासीदास बाबा की जयंती हर्षोल्लास से मनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



धमतरी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तेलीनसत्ती के आश्रित ग्राम उसलापुर में आयोजित मनखे मनखे एक समान का संदेश देने वाले सतनाम पंथ के संस्थापक छत्तीसगढ़ की संत परंपरा के अग्रणी बाबा गुरु घासीदास की जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर सम्मिलित होकर जैतखाम गुरुगद्दी व बाबा गुरु धासीदास जी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिक सतीश चंद्राकर, सरपंच प्रतिनिधि पप्पू सिन्हा, पंच अवध चेलक, ललित यादव,अध्यक्ष युवा सतनाम समाज योगेश बांधे उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिपं उपाध्यक्ष श्री चन्द्राकर ने कहा कि गुरु घासीदास ने सबको सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। उन्होंने मनखे-मनखे एक समान का नारा देकर समाज में फैले कुरीतियों सामाजिक विसंगतियों भेदभाव छुआछूत की भावना को दूर किया। हम सभी को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सतनामी केवल विशेष जाति वर्ग नहीं है अपितु जो परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा के दिखाए मार्ग पर चले, सत्य मार्ग पर चलता है वही सतनामी है। वरिष्ठ नागरिक सतीश चंद्राकर ने कहा कि बाबा ने अपने जीवनकाल में समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। वह एक महान संत, समाज सुधारक, और शिक्षाविद् थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में गरीबों, दलितों, और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम किया था। इस दौरान चेतन चेलक, महेश्वर बांधे, लक्ष्मीकांत ढीढी, बसंत चेलक, टेकराम ढीढी, नरेन्द्र चेलक, गोपाल ढीढी, रेखचंद चेलक, रवि ढीढी, जीवन ढीढी, नेहरू बांधे, आकाश ढीढी, रोहित बांधे, गुलाब चंद, हेमन आडिल, भीखम बंजारे, संजय बांधे, खेमलाल आडिल व बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## तेलिनसत्ती माता महोत्सव एवं राजिम जयंती की तैयारी में साहू समाज जुटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

साहू समाज की आराध्य देवी तेलिनसत्ती माता की जिलास्तरीय त्रिदिवसीय महोत्सव 17,18 एवं 19 जनवरी को मनाया जाएगा। जिसमें सामाजिक ध्वजारोहण, मंगल कलश पूजन, रथ पूजन, रक्तदान शिविर, कलश यात्रा शुभारंभ, पंडवानी, मां कर्मा की मूर्ति स्थापना, मातृ सभा, भोजन प्रसादी, सांस्कृतिक कार्यक्रम व वैदिक यज्ञ, घरेलू उपचार स्वास्थ्य पर चर्चा, सामाजिक संगोष्ठी, सनातन सभा, सर्व समाज अभिनंदन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग शिक्षा, कैरियर गाईडेस, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, आदर्श सामूहिक विवाह एवं आशीर्वाद नवनिर्मित सामाजिक भवन का लोकार्पण किया जाएगा। एवं 7 जनवरी को राजिम जयंती भी मनाया जाएगा जिसकी रुपरेखा के लिए भखारा परिक्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारियों के द्वारा बैठक किया गया। जिसमें तहसील साहू समाज अध्यक्ष कामताप्रसाद साहू, मिलुराम साहू, गणेशराम साहू, भोलाराम साहू, नंदकुमार साहू, घसियाराम साहू, जितेंद्र तेलासी, कल्याण साहू, तोषण साहू, गिरधारी साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## सीएम साय, गृहमंत्री शर्मा व रामू रोहरा का नपं आमदी ने माना आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)



प्रदेश में विष्णुदेव की सरकार चल रही तब से पूरे प्रदेश में विकास साय साय चल रही जिसमें वित्त वर्ष 2024-25 मुख्य बजट के अंर्तगत नवीन पुलिस थाना की स्वीकृत करने पर नगर पंचायत आमदी अध्यक्ष हेमंत माला सहित तत्कालीन भाजपा मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु, अमन राव, कोमल यादव आदि ने प्रदेश सरकार का आभार माना है। प्रदेश भाजपा महामंत्री रामू रोहरा ने नवीन पुलिस थाना के लिए पहल करते हुए तत्काल अपने साथ प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के पास विगत दिनों मांग रखी जिसे त्वरित पूर्ण करते हुए 26/12/2024 को आमदी नगर पंचायत में थाना का आदेश जारी कर दिया। स्वीकृति मिलने पर उन्होंने प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा को धन्यवाद ज्ञापित किया है। स्वीकृति मिलने पर हेमंत माला (अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी), मुरारी यदु (निवृत्तमान मंडल अध्यक्ष), अमन राव (अध्यक्ष भाजपा मंडल आमदी), कोमल यादव (महामंत्री), तेजराम साहू,खिलेश्वरी किरण,प्रीति कुंभकार, उमानंद कुंभकार, प्रेम साहू, किशोर कुंभकार, लिखेश्वरी साहू, सुनिता साहू, लक्ष्मी पटेल, असरू राम, राधेश्याम, ज्योति साहू,मुरलीधर साहू,सुखदेव, शिवप्रसाद, हेमनू पांडे जागेश्वर साहू नारायण मटियारा खोरबाहरा पटेल , त्रिभुवन मटियारा विष्णु साहू, बेनीराम ने सभी प्रदेश संगठन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय , विजय शर्मा, टंकराम वर्मा, इंदर चोपड़ा, रंजना साहू, प्रकाश बैस, अविनाश दुबे, शशि पवार, कविन्द्र जैन के प्रति सभी मंडल पधाधिकारीगण एवं नगर पंचायत आमदी ने आभार व्यक्त किया है।

## सिर्री के मिडिल स्कूल में साहिबजादों को किया याद



- शिक्षक, छात्र छात्राओं सहित ग्रामीणों ने दी श्रद्धांजलि

सिर्री। शासकीय माध्यमिक शाला सिर्री में 26 दिसंबर दिन गुरुवार को वीर बाल दिवस मनाया गया। साहिबजादों की शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही स्कूली बच्चों को अतिथियों द्वारा बताया गया कि सिख इतिहास और भारतीय संस्कृति में एक यह अत्यंत महत्वपूर्ण तिथि है। 26 दिसंबर उन नन्हें साहिबजादों को श्रद्धा पूर्वक याद करने का दिन है। इसके पीछे एक कहानी यह है कि मुगल साम्राज्य के दौरान पंजाब में सिखों के प्रमुख गुरु गोबिंद सिंह के चार पुत्र थे, जिन्हें चार साहिबजादे खालसा के नाम से जाना जाता था। गुरु गोबिंद सिंह की चार बेटे अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह हुए जो सभी खालसा के सदस्य थे। मुगलों ने 19 वर्ष की आयु से पहले ही इनकी हत्या कर दी। उनकी शहादत को सम्मानित करने के लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस मौके पर जसबीर सिंह गुरुदत्ता, मोहन लाल घिवरिया, सालिकराम साहू ग्राम पटेला, रूखमणी देवांगन, रामदयाल पटेल सहित गिरवर लाल साहू प्रधानपाठक मिडिल स्कूल, रविशंकर साहू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला सिर्री, विनय कुमार साहू पूर्व प्रधानपाठक मिडिल स्कूल, पुरषोत्तम साहू, अनिता साहू सहित छात्र छात्राओं ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



## वैदिक मंत्रों से गुंजायमान रहा नगर



अमृतेश्वर महादेव मंदिर में की गई भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद में भारद्वाज मंदिर ट्रस्ट द्वारा बनाए गए भव्य मंदिर में नौ दिनों तक पंडितों ने वैदिक मंत्रोचारण व अनुष्ठान के बाद श्री अमृतेश्वर महादेव एवं गणेशजी, पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की। इस अवसर पर रात में आयोजित सुप्रसिद्ध भजन गायिका तृप्ति शाक्या की सुमधुर आवाज में प्रस्तुत भजनों पर श्रोता झूम उठे। बुधवार को अमृतेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कार्यक्रम का समापन हुआ। विगत नौ दिनों तक बनारस, चित्रकूट, नासिक से पधारे 40 पंडितों की टीम ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ अनुष्ठान करने के बाद 25 दिसम्बर को सुबह शुभ मुहूर्त में भव्य मंदिर में विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की। मंदिर का दर्शन करने स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, महासमुंद विधायक राजू सिन्हा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु पहुंचे। इनका भारद्वाज मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक विधायक अजय चंद्राकर ने स्वागत किया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायिका तृप्ति शाक्या की भजन संध्या का आयोजन किया गया था। उनके द्वारा गाये गए सुमधुर भजन, सत्यम शिवम सुंदरम, कभी राम बनके, कभी श्याम बनके चले आना प्रभु जी चले आना। श्याम चूड़ी बेचने आया, मेरे सांवरे, सलोने कन्हैया सहित विभिन्न शिव, राम, राधा कृष्ण भजन पर श्रोता जमकर झूमे। श्री चंद्राकर ने मंदिर को लेकर कहा कि इसकी स्थापना में उनका कोई हेतु नहीं है। वे सिर्फ निमित्त मात्र बताते हुए सभी श्रद्धालुओं का आभार जताया।





## रामेश्वर को मिला इंदिरा गांधी कृषि विवि से पीएचडी उपाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



सिहावा क्षेत्र के उमरगांव निवासी रामेश्वर साहू पिता लखनलाल साहू को इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से छग राज्य में कृषि मशीनीकरण पर कृषि यंत्र सेवा केंद्रों के प्रभाव पर एक अध्ययन विषय पर शोधकार्य के लिए कृषि विस्तार विषय में डॉक्टर की उपाधि प्रदान की गई है। यह शोध कार्य उन्होंने शोध निर्देशक डॉ.आरएस सेंगर प्राध्यापक के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। इस पर रामेश्वर ने कहा कि किसी भी कार्य को करने हेतु एक कुशल मार्गदर्शक की आवश्यकता होती है। उनके शोध कार्य में उनके माता-पिता एंव समस्त प्राध्यापक, गुरुओं का प्रदत्त अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग एंव मार्गदर्शन मिला है। शोध कार्य में उन्हें बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, ऐसे समय में उनके गुरुओं एंव माता-पिता का भरपूर सहयोग एंव कुशल मार्गदर्शन ने उन्हें आगे बढ़ने को प्रेरित किया है।

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
12 जनवरी 2025
19 जनवरी 2025
16 फरवरी 2025
13 मार्च 2025
13 अप्रैल 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
8 रात व 9 दिन
Ex हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025
18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025
09 जून से 17 जून 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 16,000/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020